INDIAN SCHOOL SOHAR **SET- 1**

FORMATIVE ASSESSMENT -1(2014-15)

विषय: हिंदी (पाठ्यक्रम - ब)

कक्षा ः IX **समय ः 45 मिनट**

दिनांक ः 05 : 05 : 2014 **पूर्णांक ः 20**

निर्देश : **1** इस प्रश्न पत्र में कुल **7** प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

2 प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले उसका क्रमांक अवश्य लिखा जाए।

प्रश्न **1-** **अपठित गद्यांश**

घड़े को जल से भर देने पर उसे मस्तक पर रखकर मीलों चले जाइए,एक बूँद पानी भी छलक कर बाहर नहीं गिरेगा।किन्तु जिस घड़े में जल की मात्रा कम होगी, वह छलकता रहेगा, मानो वह पुकार-पुकार कर कह रहा हो कि उसमें जल है।अथाह जल का स्वामी समुद्र वर्षाकाल में सामान्य स्थितियों में मर्यादा लाँघकर बाढ का आतंक नहीं पैदा करता,किन्तु छोटी -छोटी नदियाँ अपने तटवर्ती क्षेत्रों को तहस- नहस कर डालती हैं।इसी तरह जिस मनुष्य में वास्तविक विद्वता होती है,वह अपने पाण्डित्य का ढ़िंढोरा नहीं पीटता, बल्कि सदा विनम्र एवं निरहंकार बना रहता है।कम पढ़ा- लिखा व्यक्ति ही बात-बात में मिथ्या पाण्डित्य -प्रदर्शन की चेष्टा करता है।जो वस्तुत: धनवान होता है, लोगों से यह नहीं कहता -फिरता कि वह धनवान है। उसका रहन -सहन , आचार -विचार सादगी से पूर्ण होता है लेकिन साधारण स्थिति का व्यक्ति सदैव यह दिखलाने का प्रयत्न करता है कि वह धनी व सम्पन्न व्यक्ति है।अभावग्रस्त लोगों को सदा यही कुण्ठा बेचैन बनाए रखती है कि वह अभावग्रस्त हैं, जिस पर विजय पाने के लिए वे मिथ्या-प्रदर्शन की आड़ लेते हैं।पूर्णता गंभीरता एवं विनम्रता को जन्म देती है, किन्तु अपूर्णता चंचलता को । आज विश्व में या समाज में जो भी आपाधापी ,उत्तेजना तथा अशांति दिखाई पड़ती है उसका मूल कारण अधूरापन ही है।धन, विद्या, पद आदि की पूर्णता पर शांति -सुख निर्भर करते हैं।

उपर्युक्त गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ः (4)

(क) घड़े से एक बूँद पानी क्यों नहीं गिरता ?

(ख) कम पढ़ा- लिखा व्यक्ति पाण्डित्य - प्रदर्शन क्यों करता है ?

(ग) अभाव ग्रस्त लोग विजय पाने के लिए क्या करते हैं ?

(घ) समाज में व्याप्त अशांति का क्या कारण है ?

प्रश्न **2-** नीचे दिए गए शब्दों का वर्ण - विच्छेद कीजिए - (**2**)

कृत्रिम , उपर्युक्त

प्रश्न **3-** वर्ण - संधि कीजिए - (**2**)

(क) द् + र् +अ + व् + इ + त् +अ
(ख) ह् + अ + र् + इ + द् + व् + आ + र् + अ

प्रश्न **4 -** 'गिल्लू को महादेवी का साथ पसंद था'- इस कथन पर अपने विचार व्यक्त कीजिए। (3)

प्रश्न **5 –** कौए को एक साथ समादरित और अनादरित प्राणी क्यों कहा गया है ? (**3**)
'गिल्लू' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न **6 -** ' रैदास की भक्ति दास्य भाव की है ' - इस कथन को स्पष्ट कीजिए। (**3**)

प्रश्न **7** - रैदास के पदों के आधार पर भक्त और भगवान का तुलनात्मक रूप स्पष्ट कीजिए। (**3**)

---oOo---